तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 22 नवंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 सरस्वती शिशु मंदिर में हुई मातृ गोष्ठी



12 नान गोदाम कर्मचारियों की मनमानी, डीडी जमा ...



## खबर संक्षेप

### वार्ड 21 स्थित शिव मंदिर में हुई महाआरती

**बेमेतरा।** वार्ड 21 के शिव मंदिर में शंकर भगवान के आरती में विधायक दीपेश साहू पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा राजेंद्र शर्मा शामिल हुए। दीपेश साहू ने मोहल्ला के नागरिकों से कहा कि भाजपा की सरकार बन गई जल्द ही आपके वार्ड में विकास कार्य होगा। पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि भगवान शिव की आरती में शामिल होकर उन्हें बहुत शांति मिली है। भगवान शिव की महाआरती में बूथ अध्यक्ष लक्की साहू मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू, विजय सिन्हा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, निशा चौबे ,रीना साहू, हर्ष तिवारी ,विकास तंबोली ,नीलू राजपूत , गौरव साहू ,लक्ष्मी साहू,नीतू कोठारी ओमेश्वरी साहू,दिना साहू , पीयूष शर्मा,रोशन दत्ता , पिंकी गुप्ता ,गोपी देवांगन,हेमलता शर्मा, जमीन बंछोर ,मीनू पटेल पूर्णिमा वर्मा ,कमलेश्वरी निर्मलकर मौजूद रहे।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा 25 को


**बालोद।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 25 नवंबर को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत बालोद के सभाकक्ष में रखी गई है। सामान्य सभा में विभागवार कार्यों की समीक्षा की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे ने बैठक में सर्व संबंधितों को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने को कहा है।

### बालोद में मेगा प्लेसमेंट 22 को

**बालोद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र बालोद में 22 नवंबर को मेगा प्लेसमेंट का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी बालोद ने बताया कि प्लेसमेंट में कुल 02 नियोजकों द्वारा लगभग 500 पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में निजी अस्पताल में मेडिकल ऑफिसर, डेंटिस्ट, फिजियोथैरेपिस्ट, ओटी टेक्नीशियन, एक्स रे टेक्नीशियन, ऑप्थेलेमिक टेक्नीशियन, पैथोलॉजी लैब टेक्नीशियन, नर्सिंग स्टॉफ, डायलिसिस टेक्नीशियन, फील्ड ऑफिसर, इलेक्ट्रीशियन, ड्राईवर, मैनेजर तथा कम्प्यूटर ऑरेटर के विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी।इसी तरह भिलाई की निजी सिक्यूरिटी सर्विसेस द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड पुरूष, सिक्यूरिटी सुपरवाईजर पुरूष तथा सिक्यूरिटी गार्ड महिला के विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी आवश्यक दस्तावेजों, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, पेनकार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो एवं रोजगार पंजीयन कार्ड के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

## जोहार भेंट, तुंहर सेवक, तुंहर द्वार कार्यक्रम के तहत सुनी आमजनों की समस्या

# कुसमी पहुंचे विधायक दीपेश, नागरिकों से मुलाकात कर उनका जाना हालचाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विधायक दीपेश साहू विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत कुसमी में पहुंचे। वहां उन्होंने जोहार भेंट मुलाक़ात तुंहर सेवक कार्यक्रम में मौजूद नगर पंचायत के आमजनों, वरिष्ठ नागरिकों कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की और उनका हाल-चाल जाना। इस दौरान विधायक साहू ने नगर पंचायत कुसमी का दौरा किया और लोगों से भेंट मुलाकात की साथ ही वरिष्ठ नागरिकों से आशीर्वाद भी प्राप्त किया। कार्यक्रम में जनता के सुझाव व विकास को लेकर चर्चा की। इस दौरान नगरवासियों ने छोटी-मोटी समस्या और कुछ मांगे रखीं, जिसके लिए विधायक दीपेश साहू ने जल्द ही पूरा करने का आश्वासन दिया ।

कुसमी को नगर पंचायत का दर्जा मिलने पर नगर वासियों ने विधायक साहू का आभार जताया। जोहार भेंट मुलाकात कार्यक्रम में नगर पंचायत कुसमी पहुंचे विधायक दीपेश साहू नगर वासियों ने जोरदार स्वागत अभिनन्दन किया। और कुसमी को नगर पंचायत की दर्जा दिलाने पर विधायक दीपेश साहू का धन्यवाद आभार प्रकट किया। इस दौरान नगर वासियों ने बताया की लम्बे अरसे से कुसमी को नगर पंचायत की मांग की जा रही थी लेकिन पिछली कांग्रेस सरकार ने आमजनों एवं ग्रामवासियों की बातों को दरकिनार करते हुए किसी प्रकार का कोई प्रयास नहीं किया। लेकिन जैसे ही प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार बनी हम सभी नगर वासियों ने विधायक दीपेश साहू से मुलाक़ात कर मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से मुलाक़ात कर कुसमी को नगर पंचायत बनाने की मांग की। उसके बाद विधायक दीपेश साहू के अथक प्रयासों और कड़ी मेहनत से कुसमी को नगर पंचायत का दर्जा मिल गया। इसके लिए क्षेत्रवासी मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री एवं विधायक साहू का आभार प्रकट किया। इस दौरान विधायक साहू ने कहा कि इस जोहार भेंट मुलाक़ात कार्यक्रम से हमारा मुख्य उद्देश जनता से सीधे संवाद और क्षेत्र से जुड़े प्रमुख विषयों को जानना है, ताकि उसका सही समय पर उचित निराकरण हो सके और जनता की समस्याओं के समाधान के साथ ही क्षेत्र का विकास भी सुनिश्चित हो सके। जनाकांक्षाओं की पूर्ति हो या समृद्ध व खुशहाल कुसमी बनाने का हमारा जो संकल्प है उसे पूरा करने के लिए जनता के सहयोग व सुझाव को ध्यान में रखते हुए अपने कर्तव्यों को पूरा करने हम कटिबद्ध है।

■ कहा- क्षेत्र के विकास और जनता की सेवा के लिए अपने कर्तव्यों को पूरा करता रहूंगा

आज कुसमी मे जोहार भेंट मुलाक़ात के माध्यम से क्षेत्रवासियों को उनके गाँव के नजदीक ही शासकीय योजनाओं की जानकारी व उसके लाभ के साथ ही स्थानीय मुद्दों, उनकी आवश्यकताओं व समस्यों का त्वरित निराकरण की सुविधा उन्हें मिलेगा, जिसके लिए उन्हें साशकीय कार्यालय आने-जाने की असुविधा नहीं उठानी पड़ेगी।

### जन सहयोग व सुझाव से होगा मूलभूत सुविधाओं का विस्तार

विधायक दीपेश साहू ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि जनता को मूलभूत सुविधाएँ और शासकीय योजनाओं का अधिक से अधिक मिल सके, सड़क, बिजली, पानी, स्वच्छता एवं क्षेत्र से जुड़े प्रमुख विकास कार्यों की जानकारी सीधे जनता से संवाद करने पर स्पष्ट रूप से सामने आते हैं साथी उनके निराकरण के लिए बेहतर सुझाव भी जनता के द्वारा हमें मिलते हैं जिसे पूरा करने का प्रयास हमेशा ही हमारा प्राथमिकता रहता है। हमें पूरा विश्वास है कि इस जोहार भेंट मुलाक़ात के माध्यम से अब उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण होगा साथ ही मूलभूत सुविधाओं का विस्तार कर समृद्ध कुसमी का हमारा संकल्प भी जन सहयोग व सुझाव से जरुर पूरा होगा।

# शिक्षा की गुणवत्ता के लिए कार्ययोजना बनाएं और अमल करें : शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा में जिले के समस्त हाई/हायर सेकंडरी स्कूल के प्राचार्यों एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों की एक बैठक ली। बैठक में कलेक्टर रणबीर शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि हम इस वर्ष शिक्षा गुणवत्ता वर्ष मना रहे हैं।

अतः सबसे महत्वपूर्ण बात यही है कि सभी प्राचार्य, विद्यालय में शिक्षा गुणवत्ता के लिए आवश्यक कार्य योजना बना कर उसे क्रियान्वित करने की दिशा में अपना संपूर्ण प्रयास करें। कमजोर विद्यार्थियों का चयन कर उनकी उपचारात्मक शिक्षा के लिए एवं मेधावी विद्यार्थियों के लिए विशेष मार्गदर्शन कक्षाओं का आयोजन करें। जिला प्रशासन प्रतिभावान बच्चों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विशेष कोचिंग,एन.डी.ए. प्रवेश परीक्षा के लिए सेना के अधिकारियों के द्वारा मार्गदर्शन, साथ ही प्रदेश के उत्कृष्ट शिक्षा संस्थानों आई.आई.टी एम्स,आई.आई.एम.,एन. आई. टी.,लॉ यूनिवर्सिटी, ट्रिपलआईटी, आदि में शैक्षणिक भ्रमण की व्यवस्था करने का प्रयास कर रहा है। इस वर्ष हमारे जिले के बोर्ड परीक्षा परिणाम में अपेक्षित सुधार हेतु कलेक्टर ने निर्देश दिए। उन्होंने आपार आई डी, परख,जाति, निवास प्रमाणपत्र जैसे जनोपयोगी कार्यों को भी पूरी गंभीरता से समय सीमा में पूर्ण करने निर्देशित किया। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने भी बैठक के विभिन्न एजेंडे पर विस्तार से चर्चा की।

■ कलेक्टर शर्मा ने प्राचार्यों एवं बीईओ की बैठक में दिए निर्देश

डाइट प्राचार्य जे.के. घृतलहरे, सहायक संचालक एस.पी.कोसले ,सहायक परियोजना अधिकारी सुनील झा,प्रोग्रामर नेहिल वर्मा ने भी विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे। इस बैठक में चारों विकासखंड शिक्षा अधिकारी सहित एएमआई एस प्रशासक खीरामन वर्मा, प्रोग्रामर चंदन देव एवं जिले की समस्त संस्थाओं के प्राचार्य उपस्थित थे।

# प्राथमिकता से किया जाएगा समस्याओं का समाधान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

गुरुवार को जल संसाधन विभाग के कार्यालय में विभाग स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभागीय समस्याओं और कर्मचारियों के समयमान वेतन संबंधी विषयों पर चर्चा की गई।

मुख्य कार्यपालन अभियंता चंद्रशेखर ने सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यालय से संबंधित किसी भी समस्या का निराकरण नियमानुसार किया जाएगा। शासन स्तर या विभागीय मुख्यालय से जुड़ी समस्याओं के लिए पत्राचार कर समाधान का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने समिति के सदस्यों से जिला स्तरीय बैठकों में भी अपने मुद्दे उठाने का आग्रह किया। बैठक के दौरान समिति के सदस्यों ने विभागीय और शासन स्तर की विभिन्न समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया।

■ जल संसाधन विभाग के मुख्य कार्यपालन अभियंता ने दिया आश्वासन

चंद्रशेखर ने भरोसा दिलाया कि उनके स्तर पर आने वाले मामलों का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। बैठक सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें सभी सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और समस्याओं के समाधान के लिए आपसी संवाद को महत्व दिया।

बैठक में जिला, अध्यक्ष, डिप्लोमो इंजीनियर्स एसोसिएशन ,जिला, संभागीय अध्यक्ष, छ.ग. प्रदेश तृतीय वर्ग शास. कर्म., अध्यक्ष, लिपिक वर्गीय कर्मचारी, संघ, जिला अध्यक्ष, छ.ग. कर्मचारी संघ कांग्रेस जिला अध्यक्ष, छ.ग. भू-सिंचन, राजस्व कर्मचारी अमीन संघ, जिला अध्यक्ष, चतुर्थ कर्मचारी संघ और जिला अध्यक्ष, छ.ग. लघु वेतन कर्मचारी संघ बेमेतरा उपस्थित थे।

# भारी अव्यवस्था के बीच की जा रही है धान की खरीदी : छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने बेमेतरा ग्राम बीजाभाट सहित बेरला ब्लॉक के कई धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पूर्व विधायक को केंद्र में मौजूद किसानों ने अपनी समस्याओं से अवगत करते हुए बताया धान खरीदी केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाने नहीं हैं। साथ ही साथ किसानों ने पूर्व विधायक को बताया कि धान खरीदी केंद्रों में धान गीला है, कहकर लौटाया जा रहा है।

■ पूर्व विधायक ने खरीदी केंद्रों का निरीक्षण करने के बाद लगाया आरोप



पूर्व विधायक ने बताया कि भाजपा सरकार ने घोषणा की थी कि धान खरीदी 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से एक मुफ्त राशि किसानों के खातों में दी जाएगी, जबकि धान बेचने वाले किसान बता रहे हैं कि उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य के आधार पर 2320 रुपए ही धान के प्रति क्विंटल के हिसाब से उनके खातों में राशि भेजी गई है। इस तरह भाजपा सरकार किसानों से छलावा कर रही है। इसी तरह किसानों ने बताया कि प्रति बोरी 40 किलो 700 ग्राम तो कहीं 41 क्विंटल 200 ग्राम धान तौला जा रहा है। पूर्व विधायक ने आरोप लगाया कि धान खरीदी केंद्रों में भारी अवस्था है। इस संबंध में प्रशासन से बात की जाएगी।

इस दौरान मोहित वर्मा पूर्व अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति बीजाभाट, महानंद यादव लोकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, शशि प्रभा गायकवाड़ सदस्य जिला पंचायत, रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेरला रासबिहारी कुर्रे अध्यक्ष नगर पंचायत बेरला भारत भूषण साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत बेरला राजेश दुबे पूर्व अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति बेरला मोनल सिन्हा जितेन जोशी सुनील जैन नेहा सुराना हेम सिंह वर्मा भागेलाल दिलीप यदु ओम प्रकाश साहू सहित किसान उपस्थित रहे।

## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411



## खबर संक्षेप



### संभाग कमिश्नर ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

**रायपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण के तहत रायपुर संभाग कमिश्नर महादेव कावरे ने बुधवार को मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। कमिश्नर ने रायपुर उत्तर विधानसभा, रायपुर पश्चिम विधानसभा, रायपुर ग्रामीण के मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने पहुंचे। कमिश्नर ने निरीक्षण के दौरान बीएलओ एवं सुपरवाइजर से नाम जोड़ने, काटने, संशोधन करने, एक मतदान केंद्र से दूसरे मतदान केंद्र में शिफ्टिंग किए जाने के संबंध में जानकारी ली। साथ ही नाम जोड़ने एवं काटने के संबंध में पूर्ण जांच बाद पुष्टि होने पर ही नाम जोड़ने एवं काटने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कहा कि 18-20 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों द्वारा नाम जोड़ने के संबंध में आवेदन पत्र प्राप्त होने के पर ही पूर्व में किस मतदान केंद्र में नाम जुड़ा था, उसकी काटने की पुष्टि दस्तावेज प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएं। इसके साथ ही स्थानीय जन प्रतिनिधियों को चिंहाकित कर उनका नाम काटने, शिफ्टिंग इत्यादि के लिए आवेदन प्राप्त होने पर गंभीरता से जांच एवं पुष्टि उपरांत नाम काटने की कार्रवाई की जाएं। इस अवसर पर एसडीएम नंद कुमार चौबे , तहसीलदार पवन कोसमा, अधीक्षक एम. एल. जी टाण्डेय एवं नायब तहसीलदार प्रवीण परमार उपस्थित थे।

### पुरानी मांगों पर डाक्टरों ने सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** विभिन्न समस्याओं को लेकर सीजी डाक्टर फेडरेशन ने स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन सौंपा है। मांग की गई है कि वर्ष 2018 बैच के 90 से अधिक चिकित्सकों की बॉण्ड पोस्टिंग नहीं हुई है, उन्हे पदस्थ किया जाए। पीजी कोर्स के लिए तीन वर्ष का सवैतनिक अवकाश दिया जाए। स्टेट कोटे से एम्स के पासआउट एमबीबीएस छात्रों को सीट नहीं दिया जाए। साथ ही बांड अवधि को एक साल करने के साथ चिकित्सकों को नियमित रजिस्ट्रेशन दिया जाए।

### खेमचंद को पीएचडी

**रायपुर।** जिला-खैरागढ़ के ग्राम दामरी निवासी खेमचंद टंडन पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि प्रदान किया गया। खेमचंद ने भूगोल अध्ययनशाला के सहायक प्राध्यापक डॉ. टीके सिंह के निर्देशन में छत्तीसगढ़ (भारत) के दुर्ग-राजनादंगाँव उच्चभूमि में जनजातियों की शैक्षिक गत्यात्मकता एक भौगोलिक विश्लेषण विषय में शोध किया।

### मधु को पीएचडी

**रायपुर।** जिला-बेमेतरा के ग्राम मेहना निवासी मधु सिंह को पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि प्रदान किया गया। मधु ने भूगोल अध्ययनशाला के सहायक प्राध्यापक डॉ. टीके सिंह के निर्देशन में बेमेतरा जिले में शिशु मर्त्यता पर स्वास्थ्य सुविधाओं का प्रभावः एक भौगोलिक विश्लेषण विषय में शोध किया।

# अपराध पर अंकुश लगाने पुलिस ने उरला, कबीर नगर, गंज थाना क्षेत्र के तीन बदमाशों को किया तड़ीपार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बदमाशों पर अंकुश लगाने पुलिस चाकूबाजों के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ आदतन बदमाशों को जिलाबदर करने की कार्रवाई कर रही है। एसएसपी की अनुशंसा पर जिला दंडाधिकारी ने तीन बदमाशों के खिलाफ बुधवार को जिला बदर की कार्रवाई की है। जिले में पिछले डेढ़ महीने के भीतर हत्या की घटना में ऐतिहासिक रूप से वृद्धि दर्ज की गई है। अक्टूबर से नवंबर के बीच एक दर्जन हत्या की घटनाएं हुई हैं। हत्या की ज्यादातर घटनाएं तात्कालिक विवाद के कारण हुई हैं। गौरतलब है कि पुलिस ने पिछले एक साल के भीतर एक दर्जन से ज्यादा बदमाशों के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई की है। एसएसपी डॉ. संतोष सिंह के मुताबिक शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने बदमाशों के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। लगातार समझाइश के बाद भी जो बदमाश अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हैं, उनके खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई की जा रही है।

***तत्काल शहर छोड़ने के आदेश :*** एसएसपी की अनुशंसा पर जिला दंडाधिकारी ने जिन तीन बदमाशों को जिला बदर किया है, उनमें उरला, कबीर नगर तथा गंज थाना क्षेत्र के बदमाश शामिल हैं। जिन बदमाशों को जिलाबदर किया गया है, वो बदमाश रायपुर के साथ सरहदी जिला बलौदाबाजार, महासमुंद, दुर्ग तथा गरियाबंद जिला में नहीं रह सकेंगे। तड़ीपार बदमाशों को तत्काल शहर छोड़ने जिला दंडाधिकारी ने आदेश दिया है। बदमाशों को जिला दंडाधिकारी ने तीन माह के लिए जिलाबदर किया है।

## तड़ीपार की रेस में आधा दर्जन से ज्यादा बदमाश शामिल

### हत्या पर लगाम नहीं लगा पा रही पुलिस

जिले में पिछले डेढ़ महीने में डेढ़ दर्जन के करीब चाकूबाजी की घटनाएं हुई हैं, लेकिन इन डेढ़ महीनों में एक दर्जन लोगों की हत्या की गई है। इनमें टिकरापारा थाना क्षेत्र में महिला की हत्या की गुत्थी पुलिस अब तक सुलझा नहीं पाई है। अक्टूबर में आठ हत्या की वारदात हुई है। उनमें सात हत्या दीपावली के समय हुई है। नवंबर में पिछले 20 दिनों में दो महिलाओं सहित चार लोगों की हत्या हुई है।



### इन बदमाशों को किया तड़ीपार

- उरला - पठारीडीह अटल आवास निवासी चंदन भारती - चंदन के खिलाफ वर्ष 2014 से लगातार मारपीट, चाकू बाजी, गुंडागर्दी, अवैध शराब बिक्री के कुल 18 प्रकरण दर्ज हैं।
- कबीर नगर - बाल्मिकी नगर निवासी आशु छत्री - आशु के खिलाफ वर्ष 2015 से लगातार हत्या के प्रयास, मारपीट, चाकूबाजी, गुंडागर्दी, जान से मारने की धमकी देने, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के कुल 20 प्रकरण दर्ज हैं।
- गंज - मौदहापारा निवासी मोहम्मद शहजाद - शहजाद के खिलाफ गंज तथा मौदहापारा थाने में वर्ष 2015 से लगातार मारपीट, चाकूबाजी, गुंडागर्दी, चोरी तथा अन्य तरह के अपराध के कुल 14 प्रकरण दर्ज हैं।

# नान गोदाम कर्मचारियों की मनमानी, डीडी जमा कराने के बाद भी समय पर आवंटित नहीं, दुकानों से बैरंग लौट रहे हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर में नान गोदाम के कर्मचारियों की मनमानी से अब राशन दुकानों के संचालकों से लेकर हितग्राहियों को परेशान होना पड़ रहा है। दुकान संचालकों द्वारा डीडी जमा करने के बाद भी 8 से 10 दिन बाद गोदाम से दुकानों को चावल आबंटित किया जा रहा है, जिसके कारण संचालकों को बार-बार गोदाम के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं या फिर गोदाम में बैठे कर्मचारियों को मोबाइल और वाट्सएप के माध्यम से चावल भेजने की मांग की जा रही है। इधर राशन दुकानों में समय पर चावल की सप्लाई नहीं होने से हितग्राहियों को भी परेशान होना पड़ रहा है। बार-बार दुकानों का चक्कर लगाने के बाद भी उन्हें बैरंग लौटना पड़ रहा है। हरिभूमि ने बुधवार को शहर की एक दर्जन से अधिक राशन दुकानों की पड़ताल की। इस पड़ताल में पता चला कि राशन दुकानों में आखिर हितग्राहियों को चावल क्यों नहीं मिल पा रहा है।

- राशन दुकानों में बीपीएल-एपीएल चावल की सप्लाई नहीं होने से दुकानदार भी परेशान

राशन दुकानों में हितग्राहियों को चावल नहीं मिलने की लगातार सूचना व शिकायतें हरिभूमि को मिल रही थीं। इन सूचना व शिकायतों की वास्तविकता जानने के लिए टीम ने जब शहर की एक दर्जन से अधिक राशन दुकानों की पड़ताल की, तो पता चला कि इनमें से कई दुकानों में चावल ही नहीं था। इन दुकानों के संचालकों से बातचीत की, तो पता चला कि चावल खत्म होने के पहले ही उनके द्वारा डीडी जमा कर चावल की डिमांड नान से की जा चुकी है, लेकिन कहीं हफ्ते तो कहीं 8 से 10 दिन बाद भी उनके दुकानों में चावल की सप्लाई नहीं की गई है।

इसके कारण संचालक भी हितग्राहियों को बैरंग लौटा रहे हैं। टीम ने पड़ताल के दौरान इन दुकानों में पहुंचे कई हितग्राहियों से भी बातचीत की। हितग्राहियों का भी यही कहना है कि उन्हें कई बार दुकानों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। चावल नहीं होने के कारण उन्हें शक्कर और नमक भी नहीं मिल पा रहा है। संचालकों द्वारा कहा जाता है कि तीनों सामग्री एक साथ या फिर चावल लेने के बाद ही उन्हें शक्कर और नमक मिलेगा।

**केस 1**

इंदिरा चौक श्यामनगर स्थित दुकान आईडी 441001106 बंद मिली। यहां स्थानीय कुछ लोगों ने बताया कि दुकान में चावल ही नहीं है। शायद इसके कारण दुकान संचालक ने दुकान बंद रखी है।



**केस 2**


अमलीडीह शासकीय स्कूल के सामने गार्डन गली में स्थित दुकान आईडी 441001115 खुली मिली। इस दुकान में करीब आधा दर्जन हितग्राही भी राशन लेने पहुंचे थे, लेकिन दुकान में एपीएल-बीपीएल का चावल ही खत्म हो चुका है। इस दुकान के कर्मचारियों ने बताया कि चावल के लिए एक सप्ताह पहले ऑर्डर दिया गया है, लेकिन नान के गुढ़ियारी गोदाम से अब तक चावल भेजा नहीं गया है। यहां राशन लेने आए हितग्राहियों ने भी बताया कि यह तीसरी बार है जब उन्हें बैरंग लौटना पड़ रहा है।

**केस 3**

दुकान आईडी 441001013 की दुकान खुली मिली, लेकिन दुकान के संचालक मनोज ने बताया कि उसकी दुकान में एपीएल और बीपीएल दोनों चावल खत्म हो चुके हैं, जिसके कारण हितग्राहियों को लौटना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि चावल का ऑर्डर दिए 4-5 दिन हो चुके हैं। इसके बाद भी गुढ़ियारी गोदाम से चावल भेजा नहीं जा रहा है।

**केस 4**

दुकान आईडी क्रमांक 441001052 में चावल खत्म हुए 3 दिन हो चुके हैं। दुकान संचालक ने बताया कि चावल का आर्डर दिए करीब एक सप्ताह हो चुका है। इसके बाद भी गोदाम से चावल भेजा नहीं गया है। इसके लिए गोदाम के कर्मचारी बलराम साहू से कई बार निवेदन भी किया है।



### इन आईडी की दुकानों में भी चावल नहीं

जिन राशन दुकानों में चावल नहीं है, उनमें आईडी क्रमांक 4410032, 441001276, 441001197, 441001030, 441001348, 441001065, 441001322, 441001060, 441001098 शामिल है। इसके अलावा अन्य कई दुकानों में भी कहीं एपीएल, कहीं बीपीएल चावल नहीं है।

### सीरियल नंबर के अनुसार करते हैं आबंटित

डीडी जमा करने के बाद दुकानों को सीरियल नंबर के अनुसार चावल आबंटित किया जाता है। शहर में छोटी गाड़ियों से सप्लाई की जाती है। ट्रांसपोर्ट एजेंसी द्वारा बहुत कम गाड़ियां उपलब्ध कराई जा रही है, जिसके कारण दुकानों को समय पर सप्लाई नहीं हो पा रही है। - ***जागेश्वरी देवांगन एवं बलराम साहू, प्रभारी,*** *नान गोदाम गुढ़ियारी*

# एकलव्य आदर्श विद्यालय के राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी करेगा छग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय राष्ट्रीय खेलों के आयोजन की मेजबानी इस बार छत्तीसगढ़ को मिली है। यह खेल प्रतियोगिता 14 से 20 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी। खेल प्रतियोगिता में 15 एकल एवं युगल तथा 7 सामूहिक खेल इस तरह कुल 22 खेलों का आयोजन किया जाएगा। आदिम जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने बुधवार नवा रायपुर स्थित आदिवासी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभाकक्ष में को-ऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा, एकलव्य आवासीय विद्यालय राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में देश के 25 राज्यों में संचालित एकलव्य विद्यालय के लगभग 6 हजार से अधिक खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। उन्होंने खेल प्रतियोगिता के आयोजन के लिए प्रारंभिक तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बैठक में खिलाड़ियों एवं उनके साथ आनेवाले अधिकारियों के ठहरने, भोजन व आवागमन के साथ ही खेल स्थलों, सुरक्षा व्यवस्था, बिजली-पानी सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

- 25 राज्यों के 6 हजार से अधिक खिलाड़ी होंगे शामिल

### जीएमसी रायगढ़ में पीजी के तीन नए कोर्स

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर चिकित्सा शिक्षा विभाग ने स्व. लखीराम मेमोरियल शासकीय मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में पीजी के तीन नए विषयों को चिकित्सा शिक्षा विभाग ने मंजूरी दी है। नए पाठ्यक्रमों को मंजूरी दिए जाने पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि सीटों में वृद्धि से राज्य में मेडिकल के छात्रों को लाभ मिलेगा। इससे न सिर्फ मेडिकल में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ेगी बल्कि राज्य को अतिरिक्त विशेषज्ञ चिकित्सक भी मिलेंगे। इसके लिए इशेंसियेलिटी सर्टिफिकेट भी जारी कर दिया गया है।

# 5 से 10 लाख रुपए तक राशि बकाया, निगम ने व्यावसायिक कांप्लेक्स सहित 4 पर जड़ा ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम राजस्व विभाग की टीम ने बुधवार को बड़े बकायेदारों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक व्यावसायिक कांप्लेक्स, दो व्यावसायिक परिसर एवं एक बड़ी दुकान सीलबंद की है। इन चारों पर 5 लाख रुपए से लेकर 10 लाख रुपए से अधिक का संपत्ति कर बकाया था। निगम ने यह कार्रवाई निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर की है।

***बड़े बकायेदारों के विरुद्ध निगम का अभियान जारी:*** जोन 10 के राजस्व विभाग की टीम जोन सहायक राजस्व अधिकारी महादेव रक्सेल के नेतृत्व में वार्ड क्रमांक-56 स्थित टैगोर नगर क्षेत्र पहुंची। इस टीम में राजस्व निरीक्षक राजेश मिश्रा, प्रकाशचंद्र यादव, सहायक राजस्व निरीक्षक रामकुमार अवसर, शेख जुनैद, विपिन सोनी, नीलिमा ठाकरे भी शामिल थीं। टीम ने यहां गोविंद एल्यूमिनियम के प्रोपराइटर महेश नारवानी के व्यावसायिक कांप्लेक्स में सबसे पहले दबिश दी। इस कांप्लेक्स पर 10 लाख 47 हजार 196 रुपए की राशि बकाया है। टीम ने इस कांप्लेक्स को तत्काल सीलबंद करने की कार्रवाई की।



इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 50 के महावीर नगर पुरैना क्षेत्र में प्रोपराइटर अजय क्षत्रे के व्यावसायिक प्रतिष्ठान पर 6 लाख 17 हजार 254 रुपए, वार्ड क्रमांक 56 के श्यामनगर क्षेत्र में प्रोपराइटर अनिल बजाज के व्यावसायिक परिसर पर 6 लाख 93 हजार 132 रुपए तथा वार्ड क्रमांक 52 अंतर्गत प्रोपराइटर ज्योति शर्मा के आनंद रेस्टोरेंट पर 5 लाख 78 हजार 368 रुपए का बकाया है।

# साय ने कहा- गर्मी में धान बोने वाले किसानों पर कार्रवाई की बात झूठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में रबी सीजन में धान बोआई पर सियासत गरमाई हुई है। कांग्रेस ने कहा था कि धमतरी, राजनांदगांव और रायपुर जिले के कलेक्टरों द्वारा आदेश जारी कर धान बोने वाले किसानों को हतोत्साहित किया जा रहा है। धान की जगह दलहन-तिलहन बोने के आदेश जारी किए गए हैं। सीएम विष्णुदेव साय ने इस पर कहा है कि गर्मी में धान की फसल लगाने पर कार्रवाई की बात पूरी तरह निराधार और फर्जी है। हमारी सरकार ने ऐसा कोई आदेश नहीं दिया है। किसान निश्चिंत होकर गर्मी में धान की फसल लगाएं, इसमें कोई रोक नहीं है। हमारी सरकार किसानों के हित के लिए सदैव समर्पित है।



- कांग्रेस नेताओं के बयान पर सीएम ने कहा- ऐसा कोई आदेश जारी नहीं किया गया

बता दें कि कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने भाजपा सरकार पर बड़ा आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि धमतरी, राजनांदगांव और रायपुर जिले के कलेक्टरों द्वारा आदेश जारी कर धान बोने वाले किसानों को हतोत्साहित किया जा रहा है। धान की जगह दलहन-तिलहन बोने के आदेश जारी किए गए हैं। वहीं धान बोने पर किसानों पर कार्रवाई करने और जुर्माना लगाने मौखिक आदेश भी दिया गया है। उन्होंने ये भी कहा था कि आदेश लिखित में न देकर मौखिक आदेश अधिकारियों द्वारा दिया जा रहा है। धमतरी, राजनांदगांव और रायपुर जिले के कलेक्टरों द्वारा आदेश जारी कर धान की जगह दलहन-तिलहन की खेती करने किसानों पर दबाव बनाया जा रहा है।

# फार्मेसी काउंसिल से डॉ. राकेश गुप्ता की सदस्यता रद्द होने पर विवाद, रजिस्ट्रार पर एकतरफा फैसले का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मेडिकल काउंसिल द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य फार्मेसी काउंसिल के मनोनीत सदस्य डॉ. राकेश गुप्ता की सदस्यता रद्द किए जाने के आदेश पर विवाद हो गया है। मामले में डॉ. गुप्ता ने रजिस्ट्रार अश्विनी गुर्देकर पर नियम विरुद्ध और दुर्भावनावश एकतरफा फैसला लिए जाने का आरोप लगाया है। दूसरी ओर रजिस्ट्रार गुर्देकर का कहना है कि डॉ. गुप्ता पर नियमानुसार कार्रवाई की गई है। बिना सूचना लगातार बैठकों और कार्यक्रमों में अनुपस्थित रहते थे।

- रजिस्ट्रार ने बिना अधिकार जारी किया आदेश, शिकायत पर बदले की कार्रवाई : गुप्ता

फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार द्वारा दो दिन पहले फार्मेसी अधिनियम 1948 की धारा 19 (सी) का हवाला देते हुए करीब दो साल पहले मनोनीत किए गए डॉ. राकेश गुप्ता की सदस्यता समाप्त करने का आदेश जारी कर दिया गया था। आदेश में हवाला दिया गया था कि डा. गुप्ता बिना सूचना के लगातार तीन बैठकों में अनुपस्थित रहे थे। नियम के अनुसार बिना सूचना लगातार तीन बैठक में नहीं आने पर उस सीट को खाली माना जाता है। रजिस्ट्रार अश्विनी गुर्देकर द्वारा जारी आदेश के बाद हंगामा मच गया है।



डॉ. गुप्ता ने आरोप लगाया है कि उनका मनोनयन मेडिकल काउंसिल के माध्यम से किया गया है, तो सदस्यता रद्द करने का अधिकार भी मेडिकल काउंसिल के पास है। रजिस्ट्रार द्वारा कार्रवाई अवैधानिक तरीके से की गई है, जिसकी वजह उनकी गलत नीतियों और भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत किया जाना था। डॉ. गुप्ता का कहना है कि रजिस्ट्रार गुर्देकर द्वारा बदले की भावना से सदस्यता रद्द करने की कार्रवाई की गई है। दूसरी ओर रजिस्ट्रार अश्विनी गुर्देकर ने कहा कि बिना सूचना अगर कोई सदस्य बैठकों में अनुपस्थित रहता है, तो उसकी सदस्यता समाप्त होना माना जाता है। डॉ. राकेश गुप्ता के खिलाफ कार्रवाई इसी नियम के आधार पर की गई है।

### गुप्ता ने कहा भ्रष्टाचार के विरोध में लड़ाई जारी

डा. राकेश गुप्ता ने अपना मनोनयन रद्द करने की सूचना संचालक स्वास्थ्य सेवाएं को प्रेषित की है। उन्होंने बताया है कि यह कार्रवाई बिना सदस्यों की सूचना अथवा बैठक लिए की गई है। मनोनीत या पदेन सदस्य की सदस्यता समाप्त करना पूरे सदन की अवमानना है। तीसरी बैठक के दौरान अश्विनी गुर्देकर रजिस्ट्रार नहीं थे और उसमें अनुपस्थित रहने की सूचना उनके द्वारा दी गई थी। मेरे द्वारा काउंसिल के अध्यक्ष और रजिस्ट्रार द्वारा की जा रही अनियमितता की शिकायत की गई थी। कार्यवाही में अड़ंगा लगाने उन पर कार्यवाही की गई है। उन्होंने रजिस्ट्रार के संबंध में हुई तमाम शिकायतों की जांच कर उन्हें हटाने की मांग भी की है।

# मूणत के प्रस्ताव को मिली मंजूरी, रायपुरा में सड़कों के निर्माण-डामरीकरण में 3 करोड़ रुपए होंगे खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के रायपुरा क्षेत्र में मेंटनेंस के अभाव में जर्जर एवं खराब हो चुकी सड़कों का जल्द नवीनीकरण किया जाएगा।

इन सड़कों के निर्माण व नवीनीकरण के लिए क्षेत्र के विधायक व पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने 3 करोड़ रुपए का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा था। इस प्रस्ताव को अब मंजूरी मिल चुकी है। इसके बाद रायपुरा क्षेत्र में जल्द ही सड़कों के नवीनीकरण-डामरीकरण कार्य का शुभारंभ होगा। शासन द्वारा प्रस्ताव को मंजूरी देने पर पूर्व मंत्री ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं लोक निर्माण मंत्री अरूण साव का आभार जताया है।



### इन सड़कों को किया जाएगा नया

विधायक के प्रस्ताव पर जिन सड़कों को नया रूप देने की मंजूरी मिली है, उनमें मिनी टॉकीज रोड कुम्हारपारा इंद्रप्रस्थ रोड से विप्र नगर जाने का मार्ग, सतनामी पारा में नया गुरुकुल स्कूल के पास गली में पंचमुखी हनुमान शांति इंक्लेव के पीछे, द्वारिका विहार, गणेश नगर, देवनागरी, शिव विहार कॉलोनी और विप्र नगर की गलियों में बंधवा तालाब से प्रगति विद्यालय के पास की सड़क तथा गलियां और डामरीकरण-कांक्रीटीकरण शामिल है।

### लाखों लोगों को आवागमन में मिलेगी सुविधा

उल्लेखनीय है कि रायपुरा क्षेत्र में सड़कों के नवीनीकरण होने से इस क्षेत्र में रहने वाले लाखों लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। विधायक मूणत ने यह भी बताया कि समता व चौबे कालोनी के अंदरूनी मार्गों में करीब 3 करोड़ रुपए से डामरीकरण कार्य शुरू कराया गया है। डीडी नगर के प्रमुख मार्गों का भी लगभग 3 करोड़ रुपए से डामरीकरण कार्य शुरू होंगे है। यही नहीं गोकुल नगर, लक्ष्मण नगर एवं गोपाल नगर में रुपए 291 लाख रुपए से सड़क का निर्माण जल्द होगा। इसके अलावा सरोना में भी 273 लाख रुपए से मुख्य मार्गों का डामरीकरण कार्य को भी जल्द मंजूर करवाएंगे। रायपुर में आयोजित समारोह में नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे समेत बड़ी संख्या में भाजपा नेता-नेत्रियां और वार्ड के लोग मौजूद थे। इस दौरान सड़क-नालियों के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करते हुए राजेश मूणत ने दोहराया कि उनकी प्राथमिकता अपने विधानसभा क्षेत्र के वार्डों में लोगों के लिए खुशहाल वातावरण तथा सुविधाएं उपलब्ध करवाना है।

# तीन माह पुराने फैसले अभी भी अधूरे

## संभागायुक्त ने अस्पताल प्रबंधन को दी नसीहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अगस्त में स्वशासी समिति की बैठक में हुए फैसले को अब तक आंबेडकर अस्पताल में मरीज हित में अमल में नहीं लाया जा सका है। विभिन्न निर्णय को पूर्ण होने में कार्यवाही अभी प्रक्रियाधीन है। संभागायुक्त महादेव कांवरे ने इसे शीघ्रता से पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

- आंबेडकर अस्पताल की स्वशासी समिति की कार्यकारिणी की बैठक

संभागायुक्त ने बुधवार को मेडिकल कालेज और आंबेडकर अस्पताल के स्वशासी समिति की प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक ली। प्रतिवेदन में अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने बताया कि कि पेइंग वार्ड के लिए 26, केजुअल्टी विभाग के लिए 9 एसी और सीटीवीएस विभाग के लिए 5 एसी के क्रय की प्रक्रिया जेम पोर्टल के माध्यम से पूरी की जा रही है। साइनेज बोर्ड लगाये जाने एवं अन्य नवीनीकरण कार्य करवाये जाने से संबंधित प्रस्ताव कार्यालय आयुक्त चिकित्सा शिक्षा को प्रेषित किया गया है। रेडियोडायग्नोसिस विभाग के लिए एक प्रेशर इंजेक्टर मशीन खरीदने की कार्यवाही सीजीएमएससी द्वारा की जा रही है। डीन डॉ. विवेक चौधरी ने बताया कि फोरेंसिक मेडिसिन विभाग के अंतर्गत होने वाले पोस्टमार्टम कार्य हेतु नवीन वर्चुअल पोस्टमार्टम मशीन के क्रय किये जाने की अनुशंसा की गई थी जिसके अंतर्गत वर्तमान में मशीन का स्पेसिफिकेशन तैयार किया जा रहा है। सीटी स्कैन और एमआरआई जांच की वेटिंग कम करने डीके अस्पताल से चर्चा पिछले तीन महीने से चल रही है।




### ये रहे उपस्थित

बैठक में सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू सिंह, अस्थिरोग विभागाध्यक्ष डॉ. रविकांत दास, माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. निकिता शेरवानी, प्रशासनिक अधिकारी रंजना ध्रुव एवं उप संचालक वित्त ऋतु कौशिक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने दी विश्व मात्स्यिकी दिवस की बधाई

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 21 नवंबर को विश्व मात्स्यिकी दिवस के अवसर पर मत्स्यपालन से जुड़े सभी लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा, विश्व भर में सभी मत्स्यपालकों और संबंधित हितधारकों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिये प्रत्येक वर्ष विश्व मात्स्यिकी दिवस मनाया जाता है।

### गृहमंत्री से मांगा इस्तीफा

**रायपुर।** छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुबोध हरितवाल ने कहा, रायपुर में रोजाना हो रही हत्या, लूट, साइबर ठगी, बलात्कार समेत अपराधों से अब राजधानी वासी तंग आ चुके हैं। राजधानी में रहना अब सुरक्षित नहीं रहा। आम आदमी किस पर भरोसा करे जब सरकार रोज़ हो रही हत्याओं के बावजूद मुंह में दही जमाए बैठी है। उन्होंने बताया कि रायपुर शांति और समरसता का शहर कहलाता है, परन्तु पिछले 11 महीनों में प्रशासन और पुलिस का प्रभाव शून्य हो गया है। लगातार हो रही घटनाएं ये बताती हैं कि गृह मंत्री विजय शर्मा लॉ एंड ऑर्डर स्थापित करने में पूर्णतः विफल हो चुके हैं। उन्हें तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा, पिछले महीनेभर में 18 से ज्यादा हत्या, लूट और साइबर ठगी की 10 से ज्यादा वारदातें हो चुकी हैं जो कि दुर्भाग्यजनक है।

### 'प्रकृति दर्शन कार्यक्रम' में हजारों विद्यार्थी हुए शामिल

**रायपुर।** नंदनवन जंगल सफारी नया रायपुर में 'प्रकृति दर्शन कार्यक्रम' संचालित किया जा रहा है। जिसके तहत राज्य के लगभग 7000 स्कूली और महाविद्यालयीन विद्यार्थियों ने भाग लिया। 'प्रकृति दर्शन कार्यक्रम' से विद्यार्थियों को प्रकृति और वन्यजीवों से जोड़ने का एक अभिनव प्रयास है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाना, पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाना है।

### कर्मचारी भविष्य निधि के क्षेत्रीय कार्यालय को प्रथम पुरस्कार

**रायपुर।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के 120 कार्यालयों के मध्य वृहद कार्यालयों की श्रेणी में श्रम एंव रोजगार मंत्रालय द्वारा, मुख्यालय नई दिल्ली में 15 नवंबर को आयोजित स्थापना दिवस के कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। इस पुरस्कार को क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-1 अभिषेक कुमार एंव क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-2 सुदर्शन एस भालाधरे ने केन्द्रीय श्रम मंत्री मनसुख मंडाविया के कर-कमलों से प्राप्त किया।

## निधन

### उत्तम दुबे



**बेमेतरा।** जिले के वरिष्ठ पत्रकार एवं सिटी प्रेस क्लब के संरक्षक महेश दुबे के बड़े भाई उत्तम दुबे (65 साल) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बेमेतरा के सिंघोरी वार्ड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। उन्हें स्वजनों के अलावा समाज एवं अन्य समाज के नागरिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

---

डाइट में विज्ञान विषयों के व्याख्याताओं के प्रशिक्षण शिविर के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए डीईओ

# शिक्षा के लिए अच्छा वातावरण निर्माण करने का भरपूर प्रयास करें : डॉ बंजारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में जिले के हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी में अध्यापनरत गणित और भौतिक शास्त्र विषय के व्याख्याताओं के तीन दिवसीय ऑफलाइन प्रशिक्षण का गुरुवार को समापन हो गया। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे, सहायक संचालक एसपी कोशले तथा डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जेके घृतलहरे उपस्थित थे।

■ 10 जनवरी तक हर हाल में पूर्ण करें पाठ्यक्रम

समापन अवसर पर प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे ने कहा कि इस वर्ष को शिक्षा गुणवत्ता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसलिए सभी स्तर के शिक्षक शिक्षिकाओं के लिए बेहतर प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाना आप सब की जिम्मेदारी है। गणित और भौतिक शास्त्र विज्ञान संकाय का एक महत्वपूर्ण विषय है इस विषय को डॉक्टर बनने वाले विद्यार्थी और इंजीनियर बनने वाले विद्यार्थी दोनों पढ़ते हैं। बच्चों की कमजोरी को जानकर उन्हें दूर करने का कार्य करें। उनकी समस्या को दूर करने का कार्य करें। कमजोर बच्चों को अलग से बुलाकर उनके लिए अलग से कक्षाएं लगाकर उनकी कमजोरी दूर करें। इस वर्ष आप सब बोर्ड कक्षाओं की रिजल्ट को बेहतर से बेहतर करने का प्रयास करें। बोर्ड परीक्षा के परिणाम को और बेहतर सुधारना है। हमने पूरा साल भर का शेड्यूल बनाकर आपको दिया है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षण से हमारा तात्पर्य है अधिक से अधिक छात्रों का प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होना।

### तिमाही परीक्षा के परिणाम निराशाजनक,

डीईओ डॉ बंजारे ने कहा कि तिमाही के परीक्षा की समीक्षा में भी परिणाम निराशाजनक रहे हैं। अपेक्षा के अनुरुप नहीं आया है। दिसंबर में छमाही परीक्षा होना है और जनवरी में प्री बोर्ड की परीक्षा होना है। हमारे जिले की बोर्ड परीक्षा के परिणाम को हम सबको मिलकर बेहतर बनाना है। यही इस प्रशिक्षण का उद्देश्य है। 10 जनवरी तक हर हाल में पाठ्यक्रम को पूर्ण करें।

क्योंकि 10 जनवरी के बाद प्रायोगिक कार्य व परीक्षा शुरू होता है। अगले महीने से 150 बच्चों की जिला मुख्यालय बेमेतरा में विशेष कोचिंग क्लास आयोजित की जाएगी। इसमें 75 बच्चे विज्ञान के और 75 बच्चे गणित में कोचिंग प्राप्त करेंगे। इसमें बोर्ड परीक्षा के साथ-साथ जेईई और नीट की भी कोचिंग दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले में शिक्षा का एक अच्छा वातावरण निर्माण करने का भरपूर प्रयास करें।

### प्रशिक्षण में जो भी सीखा, उसे अपने स्कूल में शत-प्रतिशत लागू करें

प्रशिक्षण के समापन अवसर पर डाइट के प्राचार्य जेके घृतलहरे ने कहा कि सभी व्याख्याता को इस प्रशिक्षण को पूरी तरह से गंभीरता पूर्वक लेना है। यहां से अपने जो कुछ भी सीखा है उसे अपने स्कूल की कक्षाओं में बच्चों के साथ शत प्रतिशत से लागू करना है। उन्होंने सहयोग प्रदान करने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। इन दोनों विषयों के प्रशिक्षण के प्रभारी डाइट के व्याख्याता राजकुमार वर्मा थे। जबकि मास्टर ट्रेनर्स, डीआरजी के रूप में भौतिक शास्त्र के लिए गीतांजलि निषाद, यागवेन्द्र डीकसेना तथा गणित विषय के लिए हेमेंद्र पंसारी, पीलाराम साहू, श्यामनारायण चतुर्वेदी ने प्रमुख भूमिका निभाई। इस अवसर पर डाइट के व्याख्याता डॉक्टर बसुबंधु दीवान, जीएल खुटियारे, थलज कुमार साहू, कीर्ति घृतलहरे, अमिंदर भारती उपस्थित थे। प्रतिभागी के रूप में रामनाथ चंद्राकर, रेणुपाल चंद्राकर, गजानंद शर्मा, महेश साहू, दिलीप वर्मा, पुष्पा वर्मा, लोमन सिंह वर्मा, वंदना साहू, नेहा ठाकुर, उत्तम दास पहरी, उत्तम चंदेल, रश्मि साहू सहित दोनों प्रशिक्षण में 180 व्याख्याता उपस्थित थे।

---



# नवागढ़ बीच पारा में शुरू हुई श्रीमद्भागवत कथा



**नवागढ़।** नगर के मध्य बीच पारा गणेश मंदिर के पीछे प्रभातफेरी समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के पहले दिन नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें महिला पुरुष भक्तों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कलश यात्रा कथा स्थल से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख गणेश मंदिर, राम मंदिर एवं महामाया मंदिर से होती हुई मानाबंद तालाब से जल लेकर रामकिर्तन मंडलियों के साथ पुनः कथा स्थल पर पहुंची। जिसमें नवागढ़ नगर प्रधान विकास धर दीवान भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि नगर में इस तरह के धार्मिक आयोजन होते रहना चाहिए, जिससे हमारी सनातन संस्कृति का प्रचार-प्रसार होता है। बावापारा का नगर के प्रत्येक आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान रहता है, इनके द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित दहिलूट महोत्सव ऐतिहासिक कार्यक्रमों में गिना जाता है। पवित्र जलस्त्रोत से कलश को भर कर लाने के बाद कथा आयोजन स्थल पर धार्मिक विधि एवं मंत्रोच्चरण के साथ स्थापित किया गया। आरती के साथ शुरू किए गए श्रीमद् भागवत कथा में पंडित प्रतीक चौबे ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सर्वप्रथम इसकी महिमा से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि विश्व में सभी कथाओं में ये श्रेष्ठ मानी गई है। जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है, वो तीर्थ स्थल कहलाता है। इसका सुनने एवं आयोजन कराने का सौभाग्य भी प्रभु प्रेमियां को ही मिलता है। ऐसे में अगर कोई दूसरा अन्य भी इसे गलती से भी श्रवण कर लेता है, तो भी वो कई पापों से मुक्ति पा लेता है।

ज्ञात हो कि पुराने कन्या शाला स्कूल स्थल में आयोजित यह भागवत कथा 21 से 29 जनवरी तक चलेगी। कथा प्रतिदिन दोपहर 02 बजे से प्रारम्भ हो जाएगी। आज परीक्षित जन्म, सुखदेव कथा एवं सृष्टि उत्तपत्ति के बारे में बताया जाएगा। कलशयात्रा में मण्डल अध्यक्ष चंद्रपाल साहू, महामंत्री मिंटू बिसेन, यजमान प्रभा ईश्वरी देवांगन, श्रद्धा दिव्यम शुक्ला, शिवकुमारी दाउराम साहू, सरोजनी कन्हैया भोई, पंचू यादव, गुनी रजक, मोहन रजक, बिसाहू यादव, सुखु सिन्हा, मुन्ना तम्बोली, लखमीचंद जैन, रामनाथ ध्रुव, खेलन यादव, बिहारी श्रीवास्तव, अरुण देवांगन, बनवारी देवांगन, विनोद मिश्रा, तुलसीराम चौहान, रामनारायण पाठक सहित नगरवासी उपस्थित रहे।

---

### एसबीएम-जी की राज्य सलाहकार अभिलाषा ने किया गांवों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की राज्य सलाहकार अभिलाषा आनंद ने गुरुवार को जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने गुरूर विकासखण्ड के ग्राम तार्री में संचालित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट, यूनिट एवं कचरा संग्रहण शेड का निरिक्षण किया एवं वहाँ उपस्थित स्वच्छता दीदियों से चर्चा की। इस दौरान आनंद ने बालोद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सांकरा क., सिवनी एवं जमरूवा में सामुदायिक शौचालय, फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट एवं स्वच्छता की अन्य गतिविधियों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर श्रीमती आनंद ने स्वच्छाग्राही दीदियों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता पर्यावरण के सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है एवं स्वच्छता के बिना स्वस्थ समाज की कल्पना नहीं की जा सकती।

---

# एकलव्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मिट्टी परीक्षण के लिए नमूना लेना सीखा

कृषि विभाग डोंडी के अधिकारियों ने दिया प्रशिक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी



कृषि विभाग डोंडी के अधिकारियों ने एकलव्य विद्यालय के विद्यार्थियों को मिट्टी परीक्षण के लिए इसका नमूना लेना सिखाया। इस दौरान बताया गया कि खेती में अच्छा उत्पादन लेने के लिए मिट्टी की जांच बहुत जरूरी होती है।

इसका मुख्य उद्देश्य मिट्टी में उपलब्ध पोषक तत्वों की जानकारी लेना है, ताकि फसल के अच्छे उत्पादन के लिए दी जाने वाली आवश्यक खाद की मात्रा निकाली जा सके। अधिकारियों ने कहा कि इससे उत्पादन तो बढ़ेगा ही, साथ ही लागत में भी कमी आएगी।

स्कूल सॉइल हेल्थ कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को डौंडी में एकलव्य विद्यालय के विद्यार्थियों को कृषि विभाग के अधिकारियों की टीम ने मिट्टी के नमूने लेने के तरीके, सावधानी और महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया।

इसके तहत 7 सैंपल और विद्यार्थियों द्वारा अपने घर से 43 सैंपल सहित कुल 50 सैंपल लिए गए, जिनका परीक्षण विद्यालय में उपलब्ध मिनी सॉइल टेस्टिंग लैब में किया जाएगा।

कार्यक्रम में जीएस ध्रुवे उपसंचालक कृषि, महेश मार्गिया अनुविभागीय कृषि अधिकारी बालोद, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी डौंडी, कृषि विकास अधिकारी सुडोगर, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी डौंडी, कोटागाव, खैरवाही, सुडोगर तथा एकलव्य विद्यालय के स्टॉफ और बच्चे उपस्थित रहे। एकलव्य विद्यालय परिवार की ओर से कृषि विभाग को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

---

# आने वाला समय योग और नेचुरोपैथी का होगा : जायसवाल

राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस समारोह में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा





श्री महावीर प्राकृतिक व योग विज्ञान चिकित्सा महाविद्यालय नगपुरा-दुर्ग में 3 दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, पं दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ रायपुर के कुलपति, कुलसचिव एवं आयुष विभाग के संयुक्त संचालक शामिल हुए। योगा नेचरोपैथी के विभिन्न स्टॉल लगाए गए, लोगों को स्वास्थ्य सुविधा संबंधित जानकारी प्रदान करने के साथ ही निशुल्क हेल्थ चैकअप किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी।

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि आने वाला समय योग और नेचुरोपैथी का होगा। हमारी पुरातन सनातन संस्कृति के अनुरूप पुरानी पद्धति से जो इलाज है, वह फिर से बृहद रूप ले रहा है। लोग पुनः योग की ओर लौट रहे हैं। प्राकृतिक चिकित्सा की ओर लौट रहे हैं। इस क्षेत्र में नए-नए संस्थान खुल रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस फील्ड में शिक्षा हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को रोजगार की समस्या नहीं होगी अभी हाल ही में हमारी सरकार ने योग और नेचुरोपैथी में भर्तियां की हैं, आने वाले समय में इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं।

इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा स्वास्थ्य के लिए एक समग्र दृष्टिकोण अपनाती है। प्राकृतिक चिकित्सा व्यक्ति को स्वस्थ जीवनशैली जीने में सहायता करती है। प्राकृतिक चिकित्सा की नींव स्वस्थ आहार, स्वच्छ ताजे पानी, धूप, व्यायाम और तनाव प्रबंधन के महत्व पर आधारित है।

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य केंद्र नागपुरा में 20 लाख की लागत से बाउंड्री वॉल निर्माण की घोषणा की।

---

# पूर्व महाधिवक्ता की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ रानू, सौम्या की जमानत याचिका को कोर्ट ने किया खारिज

नान घोटले में आरोपी बनाए गए पूर्व माहाधिलक्ता सतीषचंद्र वर्मा की अग्रिम जमानत याचिका स्पेशल कोर्ट ने बुधवार को खारिज कर दी है। इसके साथ ही निलंबित आईएएस रानू साहू तथा निलंबित राज्य प्रशासनिक सेवा की अफसर सौम्या साहू का कोर्ट ने जमानत आवेदन खारिज कर दिया है।

सतीष चंद्र वर्मा की ओर से पेश किए गए अग्रिम जमानत पर बचाव पक्ष के वकील ने दलील पेश करते हुए कहा कि ईडी की सूचना के आधार पर ईओडब्लू ने बगैर किसी जांच के अपराध दर्ज किया है। बचाव पक्ष के वकील ने कोर्ट को बताया कि वाट्सएप चैट के आधार पर बगैर किसी पुख्ता साक्ष्य के सतीषचंद्र को आरोपी बनाया गया है। अभियोजन पक्ष के वकील ने बचाव पक्ष के वकील की दलीलों का विरोध करते हुए कहा कि सतीषचंद्र वर्मा को आईटी छापा के दौरान मिले साक्ष्य तथा मोबाइल से मिले चैट के आधार पर आरोपी बनाया गया है। अभियोजन पक्ष के वकील ने सतीषचंद्र को जमानत का लाभ दिए जाने से उसके विदेश फरार होने की आशंका जताई।














विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## यातायात नियमों का पालन करना और सावधानी बरतना अत्यंत आवश्यक है

**बालोद/कलंगपुर।** मदनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा यातायात सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयं सेवकों द्वारा यातायात सुरक्षा पर प्रेजेंटेशन दिया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ.कल्पना पॉल द्वारा दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. कल्पना पॉल ने अपने उद्बोधन में कहा कि सड़क पर यातायात का नियम पालन करना व सावधानी बरतना जरूरी है। आए दिन हो रहे हादसा, दुर्घटना से बचने के बारे बताया गया। स्वयं सेवकों द्वारा प्रेजेंटेशन यातायात जागरूकता पर दिया गया, जिसमें नीलकंठ, धारणा, तुषार सिन्हा, अनिल कुमार, लोचन कुमार, गजेन्द्र प्रकाश, धनंजय, टाकेश, चुम्मन लाल उपस्थित थे। उसके बाद कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद भारती ने बताया कि अधिकांश दुर्घटनाएं यातायात नियमों की अनदेखी व तेज रफ्तार में चलने से हो रही हैं। नशे में वाहन संचालन से भी लगातार हादसे का ग्राफ बढ़ रहा है। लगातार बढ़ रहे हादसों को रोकने के लिए लोगों को जागरूक होना आवश्यक है।

## घर से नकदी सहित डेढ़ लाख के जेवर पार

**बालोद।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में चोरों का आतंक लगातार जारी है। पुलिस से बेख़ौफ चोर लगातार घरों को निशाना बना रहे हैं। ताजा मामला रनचिरई थाना क्षेत्र के ग्राम परसदा (मोखा) का है। थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए मोहित कुमार साहू ने बताया कि 19 नवंबर को सुबह 9 बजे वह अपनी पत्नी के साथ अपने खेत की तरफ गया था। घर में उसकी लड़की करीबन 11 बजे घर में ताला लगाकर शासकीय कॉलेज बेलौदी में पढ़ने चली गई थी। वह लगभग 3 बजे कॉलेज से वापस घर आकर काम में व्यस्त हो गई थी। मोहित ने बताया कि शाम 5 बजे अपनी पत्नी के साथ खेत से वापस आया और सभी रात्रि करीबन 8.30 बजे खाना खाकर बैठे थे। तभी उन्होंने अपनी बेटी देवश्री साहू को सुबह मजदूरों की मजदूरी देने के लिये पैसा निकालकर लाने को कहा। देवश्री ने अपने पर्स से पैसा निकालने के लिए गई, लेकिन उसमें रखे पैसे नहीं थे।

### प्रदेश के खाद्य मंत्री ने केन्द्रीय खाद्य मंत्री जोशी से दिल्ली में की मुलाकात, किया आग्रह


# विभिन्न लंबित मांगों के लिए छत्तीसगढ़ को 17150 करोड़ रुपए प्रदान करे केंद्र : बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल दास बघेल ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान केन्द्रीय खाद्य मंत्री प्रहलाद जोशी से मुलाकात की और उन्होंने छत्तीसगढ़ में धान खरीदी व्यवस्था सहित लंबित मुद्दे के संबंध में जानकारी दी। मंत्री श्री बघेल ने इस मौके पर सीएमआर दर अंतर्गत वैट की स्वीकृति, खाद्य सब्सिडी दावा, फोर्टिफाईड चावल तथा एनएफएसए मार्जिन सहित विभिन्न लंबित मुद्दे से संबंधित 17150 करोड़ रूपए की राशि छत्तीसगढ़ को प्रदान करने का आग्रह किया। जिस पर श्री जोशी ने सैद्धांतिक सहमति प्रदान करते हुए इस पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश अपने अधिकारियों को दी।

मंत्री श्री बघेल ने केन्द्रीय मंत्री श्री जोशी को छत्तीसगढ़ आने का निमंत्रण दिया। जिस पर श्री जोशी ने आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए माह जनवरी में छत्तीसगढ़ आने का आश्वासन दिया। वे इस दौरान छत्तीसगढ़ में हो रही धान खरीदी का भी अवलोकन करेंगे। खाद्य मंत्री श्री बघेल ने केन्द्रीय मंत्री श्री जोशी को बताया कि छत्तीसगढ़ के किसानों से इस खरीफ सीजन में 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है। जिससे लगभग 107.20 लाख मीट्रिक टन कस्टम मिलिंग चावल निर्मित होगा। इसमें 93 लाख मीट्रिक टन केन्द्रीय पूल एवं 14.20 लाख मीट्रिक टन राज्य पूल शामिल है। जबकि खाद्य विभाग भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश हेतु केन्द्रीय पूल अंतर्गत 70 लाख मीट्रिक टन (54 लाख मीट्रिक टन एफसीआई और 16 लाख मीट्रिक टन नान के लिए कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन की अनुमति दी गई है।

उन्होंने मंत्री श्री जोशी से केन्द्रीय पूल अंतर्गत चावल उपार्जन मात्रा 70 लाख मीट्रिक टन को बढ़ाते हुए समस्त सरप्लस चावल उपार्जन किये जाने का अनुरोध है। चावल उपार्जन की प्रारंभिक समयावधि 30 सितम्बर 2025 तक निर्धारित किये जाने का भी उन्होंने अनुरोध किया। मंत्री श्री बघेल ने भारतीय खाद्य निगम में केन्द्रीय पूल अंतर्गत उपार्जित होने वाले 54 लाख टन चावल में 25 लाख टन उसना चावल एवं 29 लाख टन अरवा चावल की अनुमति प्रदान करने का अनुरोध किया, जिस पर खाद्य विभाग भारत सरकार की स्वीकृति अपेक्षित है। उन्होंने प्रदेश के लिए प्रतिमाह 300 रेक मूव्हमेंट का प्लान भारतीय खाद्य निगम मुख्यालय से प्रदाय किये जाने का निवेदन किया।



### केन्द्रीय पूल के लिए धान परिवहन दर निर्धारण का आग्रह

मंत्री श्री बघेल ने खरीफ वर्ष 2007-08 से 2014-15 तक के केन्द्रीय पूल के लिए धान परिवहन दर के निर्धारण करने, साथ ही केन्द्रीय पूल एवं विकेन्द्रीकृत सीएमआर के प्रासंगिक व्यय के अंतर्गत मंडी लेबर चार्ज की स्वीकृत दर रू. 22.05 प्रति क्विंटल मंडी लेबर चार्ज को 01 वर्ष अर्थात खरीफ वर्ष 2023-24 के लिये लागू करते हुए आगामी खरीफ वर्षों के लिये पृथक से दर स्वीकृति की कार्यवाही की अनुमति दिये जाने का अनुरोध किया। धान सुरक्षा एवं रख-रखाव मद के संबंध में राज्य द्वारा प्रेषित प्रस्ताव अनुसार खरीफ वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में प्रावधिक सी.एम.आर. दर स्वीकृति किये जाने और खुले में भंडारित धान के लिए केन्द्रीय भंडार गृह निगम द्वारा निर्धारित मापदंड अनुसार 06 माह से अधिक के भंडारण के लिए मान्य सूखत छत्तीसगढ़ हेतु लागू किये जाने का अनुरोध भी किया।

## शासकीय विद्यालय बघुली में हुआ न्योता भोज



**नवागढ़।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बघुली में गुरुवार को ग्राम बघुली के सेवानिवृत्त शिक्षक स्व पुनउदास मारकण्डेय की स्मृति में उनके पुत्र ओमप्रकश मारकण्डेय और पुत्रवधु गंगा मारकण्डेय ने न्योता भोज कराया। बच्चों को चावल, दाल, सब्जी व खीर-पूड़ी परोसा गया। प्रधानपाठक ने बताया कि नेवता भोज शासन की महत्वपूर्ण योजना है जिसमें कोई भी व्यक्ति अपने घर परिवार अनेक अवसर पर बच्चों को भोजन करा सकते हैं, ताकि बच्चों में सामुदायिक भावना का विकास हो व बच्चे उत्साहित होते रहे। बच्चों को भोजन में नए-नए पकवान, फल आदि खाने को तो मिलते हैं इसके अलावा पालक व स्कूल से संवाद भी विकसित होती है। सभी पालक को इसमें सहभागिता निभानी चाहिए। न्योता भोज के दौरान समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## सोनपुरी में शुरू हुई संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता



**नवागढ़।** संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ संकुल केंद्र सोनपुरी में गुरुवार को हुआ। प्रतियोगिता में संकुल के सभी मिडिल एवं प्रायमरी स्कूल के सैकड़ों बच्चे भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह मां सरस्वती पूजन के बाद खड़ानंद वर्मा, सनत सिंह राजपूत, योगेश्वर कश्यप, कमलनारायण भास्कर सरपंच सोनपुरी, चित्रांगनी बलराम साहू सरपंच जंगलपुर एवं जगन्नाथ टोंडे उप सरपंच सोनपुरी सहित अतिथियों ने 100 मीटर दौड़ में भाग लेकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया।

# महंगी दवा न लिखें चिकित्सक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ निर्वाणी ने किया आग्रह

अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी ने जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में चिकत्सकों से मिलकर, डाक्टरों के अनएथिकल प्रैक्टिस बिहैवियर पर आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने सीएचएमओ डॉ यशवन्त ध्रुवे से कहा कि महंगी दवाई न लिखें। जन औषधि केंद्रों में मिलने वाली एक ही रसायनिक मिश्रण की 5 रुपए की दवाई बाहर 19 रुपये की मिलती है। लगभग 4 गुना महंगा और कई बार तो 8 से 10 गुना महंगा भी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ यशवन्त ध्रुवे ने छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ निर्वाणी को विश्वास दिलाते हुए कहा कि पूर्व में भी जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों को एडवाइज़री जारी की गई थी, लेकिन इस बार उन्हें सख्त हिदायत दी जाएगी।

उन्होंने छत्तीससगढ़ी महसभा के कार्यकर्ताओं के सजगता और जागरूकता के लिए धन्यवाद भी दिया। जिला चिकित्सालय परिसर में जन औषधि केंद्र संचालक दिलीप साहू ने बताया कि सभी दवाई स्टॉक में रहती हैं, जो शासन के निर्देशों के तहत किसी भी जन औषधि केन्द्र में होने चाहिए पर उपलब्ध कंपोजिसन के बावजूद डॉ लिखते नहीं हैं और मरीज के परिजनों को महंगे दर पर वही दवाई बाहर जा कर मजबूरी में लेनी पड़ती है। छत्तीसगढ़ी महसभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी को उन्होंने उपलब्ध स्टॉक को भी दिखाते हुए कहा कि केंद्र सरकार की सबसे जन कल्याणकारी योजना का वैसा लाभ मरीजों को नहीं मिल पा रहा है। स्थिति में सुधार होना चहिए। डॉ निर्वाणी ने विधायक दीपेश साहू से मुलाकात कर उन्हें भी स्थिति की जानकारी देने की बात कही है।

# सरस्वती शिशु मंदिर में हुई मातृ गोष्ठी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवागढ़ में गुरुवार को मातृ गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि निधि दुबे थीं, विशिष्ट अतिथि उपासना शर्मा एवं अध्यक्षता समीक्षा अग्रवाल ने की।

सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर के दिशा निर्देश में विद्यालय में इस प्रकार समय-समय पर माताओं की मातृ गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों की पढ़ाई लिखाई और संस्कार पक्ष से जुड़ी बातों को सभी पालकों तक पहुंचाने का कार्य किया जाता है। इस उद्देश्य को लेकर माताओं से विस्तृत चर्चा की गई, साथ ही विभिन्न खेल का आयोजन भी किया गया। जिसमें टेबल से गिलास गिराना, गेंद को टब में डालना, फोटो में बिंदी लगाना जैसे मनोरंजक खेल कराया गया।

इस कार्यक्रम में सुमन साहू, त्रिवेणी बर्मन, दीक्षा गुप्ता, आरती वैष्णव, सरस्वती यादव, समीक्षा अग्रवाल, दमयंती पांडे, निधि दुबे, टिकेश्वरी साहू, लीला साहू, परदेशनिन रजक, रामप्यारी रजक, अन्नू ध्रुव, पूजा वर्मा, यशोदा यादव, कौशल्या साहू, पूर्णिमा साहू, सीमा निर्मलकर, सरोजनी नीलमकर, ललिता विश्वकर्मा, श्रद्धा देवांगन, शैलेन्द्री नायक, सावित्री देवांगन, नामिना निर्मलकर, दुर्गा निर्मलेकर, राममनी कुटेल, पिंकी गोस्वामी, तुलेश्वरी गोस्वामी, भाखी देवांगन, उर्वशी साहू, मंजू देवांगन, रंजीता पटेल, नारायण निर्मलकर, संजीव श्रीवास्तव, युगल श्रीवास्तव, दिलीप जायसवाल, संगीता तंबोली, सीता तंबोली, सुशीला मानिकपुरी, कांति कुर्रे, मीनू सिंह परिहार अर्चना मृचन्डे आदि उपस्थित रहें।

## हथमुड़ी स्कूल में प्रधानपाठिका प्रभा ने दिया न्योता भोज



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला हथमुड़ी में प्रधानपाठिका प्रभा पटेल ने पूर्ण नेवता भोजन का आयोजन किया। इस नेवता भोजन में कुल 251 बच्चों को चावल, दाल, गोभी, मटर, खीर, पूड़ी, रायता, सलाद एवं पापड़ परोसा गया। शासन की इस महत्वपूर्ण योजना की आयोजन अवसर पर संकुल केंद्र निनवा प्राचार्या सुनीता तिवारी एवं संकुल समन्वयक आकाश सोनी, प्रधानपाठिका धनेश्वरी करभाल,प्रधानपाठिका सरिता मानिकपुरी, प्रधानपाठक पलटू राम ठाकुर, रेखा रजक, किरण बाला वर्मा, निरंजना ठाकुर, संगीता वर्मा,भीखम लहरे, दानेश्वरि वर्मा, दयावाती, सीता बाई, सुरेखा बाई,व्याख्याता लक्ष्मी नारायण सिन्हा एवं शिक्षक लोमश पटेल उपस्थित रहे।

## शासकीय कन्या महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति पर हुई कार्यशाला



**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय स्थित लक्ष्मण प्रसाद वैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय में स्वाध्यायी विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. विनीता गौतम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नई शिक्षा नीति के अंतर्गत विभिन्न प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि यह नीति इस वर्ष से छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग में लागू की गई है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति के उद्देश्य, कौशल विकास, मल्टीपल एंट्री-एग्जिट विकल्प और इंटरडिसिप्लिनरी अध्ययन के महत्व पर जानकारी दी गई। साथ ही, आंतरिक मूल्यांकन और असाइनमेंट प्रक्रिया के बारे में भी विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. टिकेंद्र वर्मा, विवेक कुमार देवांगन, और सरस्वती चौहान भी उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यशाला के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और विद्यार्थियों के सवालों का उत्तर दिया।

# जिलास्तरीय आवास दिवस कार्यक्रम में हितग्राहियों को दी गई विविध जानकारी



- साजा विधायक ईश्वर की उपस्थिति में जिला पंचायत सभाकक्ष में हुआ आयोजन

**बेमेतरा।** विधायक साजा ईश्वर साहू की मौजूदगी में जिला पंचायत सभाकक्ष में जिलास्तरीय आवास दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता हीरालाल साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय तिवारी, जिला पंचायत सभापति गोविन्द पटेल, जिला पंचायत के सदस्य एवं जिला बेमेतरा अंतर्गत सभी जनपद पंचायत के आवास लाभार्थी उपस्थित रहे। आवास दिवस के अवसर पर आवास लाभार्थियों को आवास योजना अंतर्गत स्थाई प्रतिक्षा सूची के निर्माण, आवास की स्वीकृति एवं आवास निर्माण के लिए निर्धारित किस्त की जानकारी सभी लाभार्थियों को दी गई। इस अवसर पर सभी लाभार्थियों को समय सीमा में आवास पूर्ण करने अपील की गई। साथ ही उपस्थित सभी गणमान्य ने लाभार्थियों को अपील की है कि किसी भी स्तर पर यदि किसी कार्य के लिए राशि की मांग की जाती है, तो त्वरित रूप से जिला पंचायत सीईओ को अवगत कराएं। जनप्रतिनिधि एवं सभी जनपद पंचायत के आवास लाभार्थियों की उपस्थिति में आवास दिवस का आयोजन एक महत्वपूर्ण कदम है। यह आयोजन उन लोगों को सम्मानित और जागरूक करने के लिए किया जाता है, जो सरकार की आवास योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इस तरह के आयोजन से न केवल लाभार्थियों को योजनाओं की बेहतर जानकारी मिलती है, बल्कि उन्हें अपने घर के निर्माण और आवास से संबंधित सुविधाओं के बारे में मार्गदर्शन भी मिलता है। यह सरकार की नीतियों और योजनाओं के प्रति जागरूकता फैलाने और लोगों को लाभान्वित करने का एक प्रभावी माध्यम है।

# पुलिसिंग एवं आने वाली परिस्थितियों में सामंजस्य बनाकर करें कार्य : एसपी साहू



- सब इंस्पेक्टर परीक्षा में चयनित युवाओं को पुलिस अधीक्षक ने किया प्रेरित

**बेमेतरा।** सब इंस्पेक्टर (उप निरीक्षक) परीक्षा में बेमेतरा जिले में निवासरत चयनित (सफल) युवाओं ने पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू से सौजन्य भेट मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सब इंस्पेक्टर परीक्षा में चयनित युवाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सब इंस्पेक्टर परीक्षा में चयनित युवाओं में राधिका यादव पिता मौनी चंद बेमेतरा, मोहिनी पटेल पिता कामता पटेल तंदुभाठा (घोटवानी), आकाश बघेल पिता लक्ष्मी नारायण (दर्री), नागेश्वर पिता सुरेश घृतलहरे मोहलाई, जागेश्वर महिलांगे पिता पंचराम महिलांगे मनियारी, किशन कुमार पिता दशरथ निर्मलकर मनियारी, मनोज बघेल पिता लक्ष्मीनारायण दर्री, राजा ध्रुव पिता छन्नू ध्रुव दाढी, सनत राजपूत पिता इंद्राघव सिंह जंगलपुर, देवाशीष पिता टीकम सिंह वर्मा पथर्री कला, सुरज कुमार पिता मेहतरू राम मटका, कान्हा पिता सुशील कुमार घिवरी, नीलमणी निषाद पिता संतोष निषाद देवरबीजा, शेखर सिंह राजपूत पिता नरेंद्र सिंह थान खम्हरिया शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक श्री साहू ने सभी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पुलिसिंग एवं आने वाली परिस्थितियों में सामन्जस्य बनाकर कार्य करने तथा अपने उत्तरदायित्व के अनुरूप अपने दक्षता एवं निष्ठा का पूर्ण ईमानदारी से उपयोग करते हुए समाज में कानून तथा शान्ति व्यवस्था बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। इस दौरान एसपी रीडर सउनि विष्णु सप्रे, डीएसबी प्रभारी प्रधान आरक्षक ऐश्वर्य सिंह क्षत्री सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सौर समाधान ऐप पर होगा क्रेडा की सभी समस्याओं और शिकायतों का समाधान

**बेमेतरा।** छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय उर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) द्वारा राज्य में संचालित हो रही सभी प्रकार की योजनाओं से संबंधित जानकारी व राज्य में स्थापित सौर संयंत्रों में किसी भी प्रकार की शिकायत एवं निराकरण अब ''सौर समाधान ऐप'' के माध्यम से किया जा सकता है। इसके लिए आम नागरिक गूगल प्ले स्टोर में जाकर सौर समाधान ऐप डाउनलोड कर जानकारी/शिकायत दर्ज कर सकते हैं। इसके साथ ही इस ऐप के माध्यम से विभाग द्वारा संयंत्र स्थापनाकर्ता इकाई द्वारा की गई कार्यवाहियों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। योजनाओं हेतु ऑनलाइन एप्लीकेशन, क्रेडा द्वारा संचालित योजनाओं जैसे सौर सुजला, जल जीवन मिशन, हाई मास्ट, बायोगैस, सोलर पॉवर प्लांट इत्यादि हेतु प्रदेश के नागरिक राज्य के किसी भी क्षेत्र से ऑनलाइन एप्लीकेशन भर कर योजनाओं हेतु आवेदन कर सकते हैं, इससे अब क्रेडा की योजनाओं से प्रदेश के नागरिकों का जुड़ाव आसान हो जाएगा।

# अनुशासन और समर्पण ही सफलता की कुंजी : शर्मा



**बेमेतरा।** कलेक्टर रणबीर शर्मा ने नवागढ़ के बालक और बालिका हायर सेकेंड्री स्कूल का निरीक्षण किया। कक्षा में पहुंचकर उन्होंने बच्चों से पढ़ाई-लिखाई से संबंधित बातचीत की और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। कलेक्टर ने बच्चों से इतिहास, अंग्रेजी और सामान्य ज्ञान से जुड़े सवाल पूछे। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत और लगन से पढ़ाई करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि अनुशासन और समर्पण ही सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि नियमित अध्ययन और आत्मविश्वास से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग, जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे सहित अन्य अधिकारी साथ थे। निरीक्षण के दौरान स्कूल की शैक्षणिक स्थिति का भी जायजा लिया। कलेक्टर ने शिक्षकों को बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने बच्चों को हर सवाल खुलकर पूछने और नई चीजें सीखने की आदत डालने पर जोर दिया। इस अवसर पर बच्चों ने भी अपनी जिज्ञासाओं और विचारों को साझा किया। कलेक्टर की प्रेरणादायक बातों ने बच्चों में उत्साह और आत्मविश्वास का संचार किया।





